# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2025 / 953–959 दिनांकः–21.09.2026

सेवा में, **अनुस्मारक–1**

1. प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
   विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
   महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।
2. कार्यक्रम समन्वयक, रा0से0यो0, बरेली इंटरनेशलन विश्वविद्यालय, बरेली,
3. फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली,
4. स्वामी सुखदेवानन्द विश्वविद्यालय, शाहजहाँपुर,
5. इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, बरेली।

**विषयः–रा0से0यो0–पूर्व गणतन्त्र दिवस परेड शिविर–2026 में सहभागिता हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर रा0से0यो0 स्वयंसेवकों के चयन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक क्षेत्रीय निदेशक रासेयो उ0प्र0 के पत्रांक संख्या 04–82 / रासेयो / क्षेनि. / लख / 2026–27 / 7221–7226, दिनांक 31 अगस्त, 2026 के अनुसार पूर्व–गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ द्वारा दिनांक 08 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। मंत्रालय के निर्देशानुसार वर्ष 2027 में गणतत्र दिवस परेड शिविर नई दिल्ली में रा0से0यो स्वयंसेवक / स्वयंसेवकों की सहभागिता की जानी है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में इकाई स्तर संलग्न **Annexure-1** में वर्णित निर्धारित मापदण्ड के अनुसार स्वयंसेवकों का चयन कर अर्हता पूर्ण करने वाले स्वयंसेवकों को ही विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतन्त्र दिवस परेड चयन शिविर में चयन / सहभागिता हेतु भेजने का कष्ट करें। चयन शिविर में उपस्थित होने वाले स्वयंसेवक निर्धारित संख्या और आवश्यक प्रपत्रों के साथ आये। **चयन शिविर का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स ग्राउण्ड पर दिनांक 08.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे** से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः अपने संस्थान से प्री आर0डी0 परेड हेतु निर्धारित मानक / अर्हता पूर्ण करने वाले स्वयंसेवकों को ही भेजें एवं चयन शिविर में उपस्थित होने वाले स्वयंसेवक निर्धारित संख्या (वर्तमान सत्र 2025–26 में पंजीकृत स्वंयसेवी प्रति ईकाई एक छात्र व एक छात्रा) एवं आश्वयक प्रपत्रों के साथ ही आएं। **विदित हो कि अन्य सभी निर्धारित अर्हता पूर्ण करने के उपरान्त भी किसी संस्थान में एक से अधिक इकाई होने की दशा में भी अधिकतम दो स्वयंसेवक (छात्र + छात्रा या केवल छात्र या केवल छात्रा) को ही चयनित किया जाएगा। स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रपत्र असत्य पाए जाने पर किसी भी स्तर पर उनकी प्रतिभागिता निरस्त कर दी जाएगी एवं वे इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

संलग्नकः–चयन हेतु दिशानिर्देश एवं सभी प्रारूप प्रपत्र।

भवदीय

कार्यक्रम समन्चयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 युवा कार्यक्रम एवं खेल मत्रांलय भारत सरकार केन्द्रीय भवन अलीगंज, उ0प्र0 लखनऊ।
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली परिक्षेत्र।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी बेवसाइट, बेवसाइट पर अपलोड करने के सम्बन्ध मे।

21.9.26

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना